भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 366
जिसका उत्तर बुधवार, 19 जुलाई, 2017 को दिया जाना है

उन्नत विनिर्माण के लिए उत्कृष्टता केन्द्र

366. श्रीमती जया बच्चन:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उन्नत विनिर्माण के लिए उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना करने पर विचार कर रही है, जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों तथा अन्य संस्थानों की सहायता से भारी उद्योगों तथा अन्य उद्योगों की अनुसंधान तथा विकास संबंधी वर्तमान तथा भावी आवश्यकताओं को पूरा करेंगे और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन संस्थाओं के चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं?

(ग) क्या सरकार द्वारा इस दिशा में कोई रोडमैप तैयार किया गया है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन केन्द्रों की कब तक स्थापना किए जाने की संभावना है; और

(घ) देश के उद्योग क्षेत्र को इस योजना से कैसे और किस हद तक लाभ मिलेगा?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): भारी उद्योग विभाग भारतीय केपिटल गुड्स उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता वृद्धि संबंधी स्कीम के तहत वस्त्र मशीनरी, मशीन टूल्स, वेल्डिंग प्रौद्योगिकी और स्मार्ट पम्प के क्षेत्र में चार उत्कृष्टता केन्द्रों(सीओई) का पहले ही अनुमोदन कर चुका है।

वर्तमान में, सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नॉलोजी इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु, कर्नाटक उन्नत प्रौद्योगिकी के शटल लैस करघों का विकास कर रहा है; भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास, तमिलनाडु 11 मशीन टूल्स प्रौद्योगिकियों का विकास कर रहा है; पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नॉलोजी, कोयंबटूर, तमिलनाडु 3 वेल्डिंग प्रौद्योगिकियों का विकास कर रहा है और साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल टेस्टिंग एंड रिसर्च सेंटर (सि'टार्क) , कोयंबटूर, तमिलनाडु स्मार्ट सबमर्सिबल पम्पों का विकास कर रहा है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान तथा सेंट्रल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नॉलोजी इंस्टिट्यूट, बेंगलुरु जैसे संस्थान भी उद्योग के साथ सहयोग से उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियां तैयार करने में लगे हुए हैं।

(ख) से (घ): उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना के लिए संस्थान भारतीय केपिटल गुड्स उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता वृद्धि संबंधी स्कीम की अधिसूचना में निर्धारित किए गए थे। इस अधिसूचना की प्रति भारी उद्योग विभाग की वेबसाइट www.dhi.nic.in पर उपलब्ध है।

उत्कृष्टता केन्द्र घरेलू केपिटल गुड्स उद्योग की प्रौद्योगिकी गहनता को बढ़ाने में सहायक होंगे तथा इस उद्योग को विनिर्माण के नए उच्च परिशुद्ध एवं अधिक कुशल तरीके अपनाने में सहज बनाएंगे।

*****